दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 25 दिसंबर 2024
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

27 दिसम्बर को देवगढ़ में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर स्थगित

रायगढ़। जनपद पंचायत तमनार के ग्राम देवगढ़ में 27 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

लर्निंग लायसेंस शिविर 27 दिसम्बर को धरमजयगढ़ में

कापू, छाल एवं लैलूंगा में अलग-अलग तिथियों में आयोजित होंगे लर्निंग लायसेंस शिविर

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 30 दिसम्बर को जनपद पंचायत कापू, 3 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत छाल एवं 6 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत लैलूंगा में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन होगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि उक्त शिविर में सभी आवेदकों को वाहन चालन हेतु लर्निंग लायसेंस दिया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवेदक को लोक सेवा केन्द्रों/च्वाईस सेंटर या स्वयं इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों जैसे निवास हेतु आधार कार्ड, वोटर कार्ड या पता प्रमाण-पत्र हेतु अन्य दस्तावेज एवं जन्म तिथि प्रमाण-पत्र हेतु अंकसूची, पेन कार्ड, पासपोर्ट सहित आवश्यक शुल्क जमा कर उपस्थित होना अनिवार्य है।

सखी सेंटर की समझाईश पर आवेदक के व्यवहार में आया सकारात्मक परिवर्तन, प्रकरण किया गया नस्तीबद्ध

रायगढ़। महिला संरक्षण अधिकारी के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण पर दोनों पक्षकारों (पति-पत्नी) का लिखित बयान लिया गया। जिसमें 18 अप्रैल 2023 को दोनों पक्ष का सामाजिक रीति रिवाज से विवाह हुआ व कोई संतान नहीं है व पति बेरोजगार है, जिस कारण से ससुराल में अनावेदक पति, सास, ससुर द्वारा छोटी-छोटी बातों पर विवाद एवं अनावेदक पति द्वारा शराब सेवन कर मारपीट किया जाता था एवं जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी जिस कारण आवेदिका मायके में जा कर रहने लगी। उक्त घटना की शिकायत आवेदिका द्वारा 23 सितम्बर 2024 को थाना पूंजीपथरा में किया गया था जिस पर थाने द्वारा समझाईश दी गई थी परंतु अनावेदक के व्यवहार में परिवर्तन नहीं हुआ। आवेदिका द्वारा पति को प्रेम पूर्वक साथ रहने के लिए समझाईश का आवेदन सखी सेंटर को दिया गया एवं उक्त आवेदन के आधार पर दोनों पक्ष का 3 बार संयुक्त काऊंसलिंग करते हुये प्रकरण को निरंतर फॉलोअप में रखा गया। 30 नवम्बर को दोनों पक्ष पुन: उपस्थित हुए। आवेदिका द्वारा सखी के परामर्श कार्यवाही उपरांत अनावेदक के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने से सखी का आधार प्रकट करते हुए लिखित में अग्रिम कार्यवाही नहीं करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त आधार पर सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण की कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं द्वारा किया गया।

रायपुर के निमोरा में 30 दिसम्बर को होगा जिला पंचायत के अध्यक्षों का आरक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़। राज्य के 33 जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण एवं प्रवर्गवार महिलाओं के स्थानों का आरक्षण 30 दिसम्बर 2024 को होगा। आरक्षण की यह कार्यवाही संचालक पंचायत द्वारा सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा रायपुर में की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की आम सूचना संचालक पंचायत द्वारा 23 दिसम्बर को जारी किया गया है।

आयुष्मान वय वंदना योजना के लिए कैंप लगाने में साथ डोर टू डोर पर करें फोकस-सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

❐ समितियों से धान उठाव के नियमित मॉनिटरिंग के अधिकारियों को दिए निर्देश

❐ सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र की लोगों की कार्ड बनाने के काम की समीक्षा की।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत कार्ड के धीमे निर्माण पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्य की यह गति नाकाफी है। इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुसार कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। एक स्थान निर्धारित कर कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाएं। इसकी सूचना उस क्षेत्र में पहले से प्रचारित करें। इसके साथ ही डोर टू डोर सम्पर्क करते हुए कार्ड निर्माण में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि योजना से जुड़ी जानकारियों का भी जनसामान्य के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सीईओ यादव ने पीएम आवास निर्माण कार्यों की सतत रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले 2 माह में निर्माण कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य लेकर फील्ड में काम होना चाहिए।

धान खरीदी और उठाव के संबंध में चर्चा करते हुए सीईओ यादव ने खरीदी केंद्रों से धान के उठाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में धान उठाव की नियमित मॉनिटरिंग करें। कहीं कोई समस्या आती है तो तत्काल उसके समाधान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि डीओ और टीओ लगातार जारी हो रहे हैं। इसके अनुसार धान उठाव में भी तेजी लेकर आएं। उन्होंने जिले के दूरस्थ अंचलों में विशेष रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान छात्रों के साथ भोजन अवश्य करें अधिकारी

सीईओ यादव ने छात्रावासों में रोस्टर के अनुसार नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जब निरीक्षण के लिए जाएं तो बच्चों के साथ भोजन अवश्य करें। इससे छात्रावास में खाने की गुणवत्ता पता चलने के साथ ही छात्रों से सीधे संवाद भी होगा। जिससे छात्रावास के संबंध में रहने वाले छात्रों के फीडबैक के अनुसार व्यवस्थाओं को बेहतर की जा सकेगी।

शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत नवीन केंद्र का शुभारंभ

❐ योजनान्तर्गत 227 श्रमिकों को 56 लाख से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हुआ हस्तांतरित

रायगढ़

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज वचुर्अल माध्यम से श्रम विभाग अंतर्गत संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न केंद्र का शुभारंभ जिंदल पॉवर लिमिटेड तमनार के बाह्य परिसर में किया। मौके पर श्रम सचिव अलरमेल मंगई डी वीसी के माध्यम से जुड़ी रही।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रमिकों को संबोधन करते हुए कहा कि यह सुशासन की सरकार है जो श्रमिक के पूरे परिवार के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रमिकों को योजना के बारे में जानकारी दी तथा अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने रायगढ़ जिले के पंजीकृत 227 श्रमिकों को विभिन्न योजना अंतर्गत 56 लाख 19 हजार 500 रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए। शुभारंभ पश्चात उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने अपने हाथों से श्रमिकों को बहनों को खाना भी परोसा। इस अवसर पर गोकुलानंद पटनायक, विनायक पटनायक, सतीश बेहरा, सीताराम पटनायक और जेपीएल प्रबंधन से संदीप सांगवान, आरपी पांडे, राजेश रावत और बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

अवैध कबाड़ पर कार्रवाई

जूटमिल पुलिस ने नाकेबंदी कर पकड़ा 3250 किलो कबाड़, ट्रक चालक गिरफ्तार

रायगढ़

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध कबाड़ पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल जूटमिल पुलिस ने अवैध कबाड़ की बड़ी खेप पकड़ी है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर की रात थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में की गई। कांशीराम चौक पर नाकेबंदी कर ओडिशा से आ रहे ट्रक में लदे अवैध कबाड़ को पकड़ा गया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और संदिग्ध ट्रक को रोका। ट्रक टाटा 1512 (क्रमांक सीजी 13-एपी-2655) का चालक राजकुमार बसोड (47), निवासी नेतनागर वार्ड क्रमांक 12, थाना जूटमिल, रायगढ़ से पूछताछ में कबाड़ के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली, जिसमें 32 क्विंटल (3,250 किलो) विभिन्न प्रकार का लोहे का कबाड़ पाया गया। अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई जा रही है। वाहन और कबाड़ को जब्त कर लिया गया है। आरोपी चालक के खिलाफ थाना जूटमिल में धारा 35(क), (ड) बीएनएसएस/303(2) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ प्रधान आरक्षक वीरेंद्र भगत, आरक्षक सुशील यादव और नरेश रजक शामिल थे। पुलिस की तत्परता और टीमवर्क से अवैध कबाड़ की तस्करी पर बड़ा प्रहार हुआ है। मामले की जांच जारी है।

यातायात पुलिस की कार्रवाई

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 ड्राइवरों पर 10000-10000 रुपए का जुर्माना, वाहन स्वामियों पर भी हुई कार्यवाई

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रायगढ़ यातायात पुलिस ने हाईवे पर विशेष जांच अभियान चलाया, बीते शनिवार और रविवार को अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 ड्राइवरों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया

वाहन चेकिंग, जांच के दौरान ब्रीथ एनालाइजर से स्वांस परीक्षण में 6 ड्राइवर शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। इनमें से एक ड्राइवर, कैलाश साहू, निवासी चांदमारी रायगढ़, बिना लाइसेंस वाहन चला रहा था। यातायात पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 185 और 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बिना लायसेंस वाहन चलाने देने वाले वाहन स्वामी वाहन स्वामी, मोनिका साहू, पर धारा 5/181 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने चालक कैलाश साहू पर रु.15,000 और वाहन स्वामी पर रु.5,000 का जुर्माना लगाया।

अन्य चालकों पर जुर्माना :

- निलेश कुमार केंवट (सुरसुता, सारंगढ़ बिलाईगढ़) – रु.12,000
- टिकेश्वर चक्रवर्ती (गोड़ी, तमनार) – रु.10,000
- रूपेश पासवान (गोरखा, रायगढ़) – रु.10,000
- जितेंद्र कुमार (बारद, नवधा) – रु.10,000
- दिलीप कुमार (पत्थलगांव, जशपुर) – रु.10,000

यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और हाईवे पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन स्वामियों को भी चेतावनी दी है कि वे केवल योग्य और अनुशासित चालकों को ही वाहन चलाने दें।

माइक्रो फाइनेंस कंपनियां सुनिश्चित करें : ग्राहक के साथ फाइनेंशियल फ्रॉड न हो, लोन रिकवरी में अपनाएं कानूनी प्रक्रिया: एसपी

रायगढ़

दिनांक 24 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने जिले में संचालित माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के प्रबंधकों के साथ पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक की। डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय द्वारा बैठक में खरसिया और धरमजयगढ़ समेत जिला मुख्यालय में सक्रिय माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों को उनके कंपनियों के लीगल डाक्यूमेंट्स उपस्थित होने सूचित कर बुलाया गया।

बैठक का उद्देश्य आपसी समन्वय के साथ ग्राहकों को फाइनेंशियल फ्रॉड से बचाने और लोन रिकवरी में कानूनी प्रक्रिया अपनाने को सुनिश्चित करना था। एसपी ने कंपनियों को आरबीआई और आईबीआई की गाइडलाइनों के साथ जिला प्रशासन की जानकारी में नियमों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों से आईडी प्रूफ और केवाईसी जैसे दस्तावेजों की सही तरीके से जांच होनी चाहिए, ताकि फर्जीवाड़े की आशंका खत्म हो और कंपनी यह सुनिश्चित करें कि ग्राहकों के साथ किसी भी प्रकार का फ्रॉड न हो। ग्राहकों के साथ पारदर्शिता बनाए रखें और उन्हें वास्तविक योजनाओं की जानकारी दें। लोन रिकवरी के लिए कानूनी तरीका अपनाएं और जरूरत पड़ने पर लोकल कोर्ट में मामला दर्ज कराएं।

डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बैठक में कंपनियों के सभी दस्तावेजों की जांच की और उन्हें आरबीआई और जिला प्रशासन के मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध माइक्रो फाइनेंस कंपनियां संचालित हो रही हों, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। आपसी समन्वय बनाने के लिए माइक्रो फाइनेंस कंपनियों और पुलिस अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। एसपी ने कहा कि यह बैठक आपसी समन्वय के लिए आयोजित की गई है, और आगे भी ऐसी बैठकें होती रहेंगी। इस बैठक में ग्राहकों की सुरक्षा और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में करीब 40 माइक्रो फाइनेंस कंपनियां के प्रतिनिधि तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक नवीन शुक्ला, प्रताप बेहरा, गजेन्द्र प्रधान, प्रमोद सागर उपस्थित थे।

महतारी वंदन से माताएं संवार रही बेटियों के खुशहाल भविष्य की बुनियाद

❐ महतारी वंदन से मिले पैसों से मां ने दो बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि में पैसे कर रही जमा

❐ महतारी वंदन से मिली राशि से दादी ने उठाया पोती के सुकन्या समृद्धि खाते में पैसे डालने का जिम्मा

रायगढ़

मां और बेटी का रिश्ता भावनात्मक रूप से काफी मजबूत होता है। जितना पिता अपनी बेटियों के भविष्य की चिंता करते हैं मां भी उनका आने वाले कल को सुदृढ़ करने में बराबर की सहभागी होती है। बेटियों के आने वाले कल को संवारने में शासन की महतारी वंदन योजना माताओं को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही हैं। राज्य शासन की महतारी वंदन योजना से हर माह मिल रही हजार रूपये को राशि से माताएं अपनी बेटी के सुंदर उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद तैयार कर रही हैं। मिलने वाली राशि से पैसे बचत कर माताएं सुकन्या समृद्धि में बेटियों से नाम से पैसे जमा कर रही हैं।

ललिता राठिया घरघोड़ा के छोटेगुमड़ा की रहने वाली है। उनका परिवार कृषि पर ही निर्भर है। उनकी तीन बेटियां हैं। ललिता सीमित आय और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते बेटियों के भविष्य के लिए हमेशा चिंतित रहती थी। अपनी बड़ी बेटी का सुकन्या योजना के तहत खाता नहीं खुलवा सकी थी, जिसका उन्हें मलाल रहा। तभी महतारी वंदन योजना से ललिता को 1 हजार रूपये की राशि प्राप्त होने लगी जिसके कारण अब वह अपनी दूसरी बेटी हेमिका का मई 2024 में पोस्ट आफिस में सुकन्या योजना में खाता खुलवायी और सुकन्या खाता में पैसा जमा कर रही है। तीसरी बेटी साक्षी का खाता खुलवाने के लिए फार्म भी इस महीने लेकर आई है इस प्रकार ललिता ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर अपने दोनों बेटियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की ओर कदम बढ़ाए है।

दादी ने उठाया पोती के सुकन्या समृद्धि खाते में पैसे डालने का जिम्मा

रायगढ़ के बाजीनपाली में रेखा श्रीवास अपने परिवार के साथ रहती हैं। परिवार में बेटा बहु और एक 07 साल की नन्ही पोती आद्या है। बेटा सेलून में कार्यरत है और बहु गृहिणी है। पहले आद्या का सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोला गया था, किन्तु राशि के अभाव में आर्थिक कारणों से पोस्ट ऑफिस में राशि प्रतिमाह जमा नहीं हो पा रहा था। मार्च 2024 से महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त होने लगी। तब से दादी रेखा श्रीवास ने अपनी पोती के लिए प्रतिमाह 300 रूपये सुकन्या समृद्धि योजना में जमा करने का जिम्मा उठाया है। यह पैसे पोती आद्या की कॉलेज की पढ़ाई लिखाई के लिए जमा किए जा रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी सरिता पटेल : निकरा परियोजना के माध्यम से किसानों को दी जा रही नई तकनीक की जानकारी

रायगढ़

कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने और नई तकनीकों के प्रसार में रायगढ़ के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित निकरा परियोजना ने एक उल्लेखनीय पहल की है। ग्राम नवापारा, विकासखंड खरसिया निवासी सरिता पटेल ने इस परियोजना के माध्यम से न केवल अपने खेत में उत्कृष्ट कार्य किया, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई।

श्रीमती सरिता पटेल अपने पति तेजराम पटेल के साथ खेतों में ट्रैक्टर चलाने और सीड ड्रिल मशीन से गेहूं की कतारबोनी कर यह दिखाया कि महिलाएं भी कृषि के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। उनके इस कार्य के लिए जिले के किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने महिला सशक्तिकरण के रूप में सराहना की। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ द्वारा निकरा परियोजना के तहत गेहूं और सरसों की कतारबोनी के लिए सीड ड्रिल मशीन का उपयोग प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तकनीक से न केवल समय और श्रम की बचत होती है, बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि होती है। केंद्र द्वारा स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों को सीड ड्रिल मशीन उपलब्ध कराई जाती है। निकरा परियोजना के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, फसल उत्पादन, पशुपालन और संस्थागत कार्यक्रमों के चार प्रमुख घटकों पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना के प्रमुख अनुदेशक डॉ.बी.एस.राजपूत, सहायक अनुदेशक डॉ.के.डी.महंत और वरिष्ठ अनुसंधान सहायक डॉ.मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में किसानों को तकनीकी जानकारी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। निकरा परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने कहा कि इस तकनीक से फसल प्रबंधन में न केवल सुधार हुआ है, बल्कि क्षेत्र के किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया है। यह परियोजना क्षेत्र में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई उम्मीद लेकर आई है।

कृषक उन्नति योजना से मिले पैसों से किसान ने खरीदी नई मोटर सायकल

रायगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण कृषक उन्नति योजना से किसानों को मेहनत का पूरा सम्मान मिल रहा है। जिससे आज किसान आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

रायगढ़ जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-कटाईपाली डी निवासी किसान राजकुमार यादव ने बताया कि कृषक उन्नति योजना से उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 6.85 एकड़ खेत है जिसमें प्रतिवर्ष खरीफ मौसम में 4.40 एकड़ में धान की खेती करते है। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में लगभग 84 क्विंटल धान बेचा था। जिसका समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से जिसमें 1 लाख 83 हजार 372 रुपये एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना से खाते में 77 हजार 28 रुपये अंतर की राशि प्राप्त हुई थी। इस तरह उन्होंने कुल 2 लाख 60 हजार 400 रूपये एक वर्ष में प्राप्त किया। उन्होंने प्राप्त राशि से अपने बेटे की शादी की और घरेलू उपयोग के लिए एक मोटर सायकल भी खरीदी। मोटर सायकल खरीदने के पश्चात वे काफी खुशी महसूस किए। उन्होंने बताया कि पहले मोटर सायकल नहीं होने पर रायगढ़ सहित आसपास कही जाने पर या तो सायकल से जाना पड़ता था या फिर बस के सहारे, जिससे समय लगता था और परेशानी भी होती थी। लेकिन अब स्वयं की मोटर सायकल होने पर आने-जाने में सुविधा हुई है और समय की बचत भी हो रही है। किसान यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कृषक उन्नति योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना से किसान आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के किसानों से 3100 रूपए क्विंटल की दर से धान खरीदी की गारंटी दी थी। इस गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि का अंतरण उनके बैंक खातों में किया जाता है। किसान हितैषी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की शासन द्वारा राज्य में किसानों से अपने वायदे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने के साथ ही दो साल के धान के बकाया बोनस की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में खेती-किसानी और किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि के क्षेत्र में संपन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480